हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 25 जून 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]


तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री


11 बुटीपाली से बड़ेसाजापाली मार्ग की हालत जर्जर...





12 ट्यूबवेल साधन वाले किसान कर रहे रोपाई का कार्य





छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25


# अंशकालीन सफाईकर्मियों ने दिया धरना, कहा: चुनाव से पहले किए गए वादे पूरे करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दो सूत्रीय मांग को लेकर छग अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी स्कूल खुलने के साथ ही अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। मंगलवार को संभाग स्तरीय धरना-प्रदर्शन यहां पटवारी कार्यालय के सामने शुरु हुआ जिसके बाद उन्होंने विधायक निवास पहुंचकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। विधायक द्वारा शासन को तत्काल पत्र लिखकर समस्याओं के निराकरण की बात कही।

पटवारी कार्यालय के सामने धरनारत छग अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के संभाग अध्यक्ष श्यामरतन सागर, उपाध्यक्ष परमेश्वर लहरे, जिला सचिव मानिकलाल टंडन, जिला उपाध्यक्ष नीता देवदास और जिला व संभाग कोषाध्यक्ष चोवाराम गंधर्व ने बताया कि प्रदेश के समस्त शासकीय स्कूलों में 43301 से अधिक (महासमुंद जिले में 1785) स्कूल सफाई कर्मचारी वर्ष 2011 से अंशकालीन स्कूलों में कार्यरत सफाई कर्मचारी न्यूनतम मानदेय पर कार्यरत हैं। अत्यल्प मानदेय के कारण आर्थिक एवं मानसिक रुप से कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा ने 2023 विधानसभा चुनाव में घोषणा पत्र में अंशकालीन सफाई कर्मचारियों को पूर्णकालीन कलेक्टर दर पर भुगतान व नियमित करने का वादा किया था।

**आंदोलन कर रहे कर्मचारियों की है दो मांगें**

छ.ग. अंशकालीन सफाई कर्मचारी संघ ने सरकार से दो मांगें रखी हैं जिसमें पहली अंशकालीन से पूर्णकालीन करते हुए कलेक्टर दर पर भुगतान किया जाए एवं दूसरी मांग युक्तियुक्तकरण हुए शालाओं में सफाई कर्मचारियों को समायोजन किया जाए।

## सौंपा ज्ञापन, विधायक ने शासन को लिखा पत्र, कहा- मांगों पर जल्द विचार हो

### 15 जून से हड़ताल जारी

बता दें कि 15 जून से स्कूल सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन काम बंद कर हड़ताल पर है जिसकी वजह से स्कूल में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है, कहीं स्कूलों में सफाई के लिए बच्चों पर निर्भर होना पड़ रहा है तो कई स्कूलो में सफाई की व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित है। आने वाले दिनो में हड़ताल से स्कूल की सफाई व्यवस्था और भी बिगड़ने वाली है। इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में पांच संभाग रायपुर, महासमुंद, बलौदाबाजार, धमतरी, गरियाबंद के कर्मचारी शामिल रहे।




### मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन

उक्त मांग को लेकर हमने चरणबद्ध आंदोलन के तहत पहले 2 जून को ब्लॉक स्तरीय, 6 जून को जिला स्तरीय और आज रायपुर संभाग स्तरीय धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। धरना के बाद विधायक को ज्ञापन सौंपकर चुनाव पूर्व भाजपा द्वारा किए गए वायदे की याद दिलाकर पूर्णकालीन कलेक्टर दर पर भुगतान एवं युक्तियुक्तकरण के तहत समायोजन हुए शालाओं में सफाई कर्मचारियों को समायोजित करने की मांग रखेंगे। उन्होंने कहा कि यदि 30 जून तक मांगें न मानी गई तो उग्र आंदोलन करने बाध्य होंगे। मांगें न माने जाने पर बैठक में चर्चा के बाद मुख्यमंत्री निवास घेराव की भी योजना बन सकती है।

## मांग : विक्रेताओं ने सुरक्षा की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

# उचित मूल्य दुकानों में लटका रहा ताला, खाली हाथ लौटे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सारंगढ़ जिले में उचित मूल्य दुकान के विक्रेता पर चाकू से जानलेवा हमला के विरोध में मंगलवार को जिले के सभी उचित मूल्य दुकानों में ताला लटका रहा। उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंच कर अपनी सुरक्षा की मांग के साथ चावल वितरण की तिथि बढ़ाने और नई पॉस मशीन में आ रही दिक्कतों को दूर करने ज्ञापन सौंपा।

छग शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामदेव सिन्हा ने सभी जिलाध्यक्षों को पत्र जारी कर प्रदेश स्तरीय सभी राशन दुकान को बंद कर विरोध प्रदर्शन की अपील की थी। जिसके चलते मंगलवार को राशन दुकानें बंद रहीं। इधर, कलेक्टर जनदर्शन में उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं ने कलेक्टर को आवेदन देकर अपनी सुरक्षा की मांग करते हुए तीन माह के चावल वितरण की अंतिम तिथि 30 जून को आगे बढ़ाने की मांग की है। मंगलवार को एक दिन के बंद से जिले की सभी 593 दुकानें जिनमें 553 ग्रामीण क्षेत्र व 40 शहरी क्षेत्र में राशन वितरण प्रभावित हुआ। सुबह से हितग्राही दुकानों में तीन माह का चावल लेने पहुंचे पर उन्हें खाली हाथ वापस जाना पड़ा।



विक्रेता पर चाकू से जानलेवा हमले का विरोध
सुरक्षा, चावल वितरण की तिथि बढ़ाने की मांग

### अभी आधा भी नहीं हुआ चावल वितरण

मालूम हो कि एक जून से 30 जून के बीच सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जून से अगस्त माह तक 3 माह का चावल एक साथ हितग्राहियों वितरण करना है। पर, पुरानी पॉस मशीन की धीमी गति, बीपीएल परिवारों को 6 बार और अंत्योदय परिवारों को 3 बार ओटीपी के कारण चावल वितरण धीमी गति से चल रहा है। जानकारी के अनुसार जिले में 3 लाख 65 हजार 766 राशन कार्डधारी हितग्राही हैं। जिनमें 3 लाख 3 हजार 907 शहरी व 3 लाख 31 हजार 859 ग्रामीण हितग्राही शामिल हैं। कुल राशनकार्डधारियों में अंत्योदय 49502, निराश्रित 2159, प्राथमिकता 2 लाख 73 हजार 697, निःशक्त 1371 और एपीएल कार्डधारियों की संख्या 39037 है। शासन का निर्देश है कि 30 जून तक तीन माह का राशन वितरण करना है। पर अभी तक आधे हितग्राहियों को चावल का वितरण नहीं हो पाया है।

# अवैध रेत भंडारण पर खनिज विभाग की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 100 हाईवा (1400 घनमीटर) रेत एवं चेन माउंटेन मशीन जब्त

जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु खनिज विभाग द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में संयुक्त टीम द्वारा 23 जून को ग्राम मुड़ियाडीह, तहसील स्थित महानदी क्षेत्र में अवैध रेत भंडारण की शिकायत पर कार्रवाई की गई।

खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि जांच के दौरान नदी किनारे लगभग 100 हाईवा (1400 घनमीटर) रेत अवैध रूप से भंडारित पाया गया, जिसे तत्काल जब्त किया गया। जांच में यह भी



सामने आया कि ग्रामीणों के अनुसार रात्रि के समय उक्त अवैध भंडारण स्थल से रेत भराई का कार्य किया जाता था। अवैध गतिविधि में प्रयुक्त एक चेन माउंटेन मशीन जेसीबी को भी मौके से जब्त किया गया। खनिज विभाग द्वारा इस प्रकरण में खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर 2 से 5 वर्ष तक की सजा हेतु परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। पूर्व में भी जिले के समस्त खनिज पट्टेदारों एवं परिवहनकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के किसी भी प्रकार का खनिज उत्खनन, परिवहन अथवा भंडारण दंडनीय अपराध है। भविष्य में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### चाकू से हमला, एक गंभीर

**महासमुंद।** सिंघोड़ा थाना अंतर्गत परसकोल पुलिया के पास विवाद के दौरान एक व्यक्ति ने दूसरे पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रिपोर्ट घायल के बड़े भाई ने कराई है। सिंघोड़ा थाने में प्रार्थी सादराम यादव पिता रेशमलाल यादव (60 साल) घेसपाली ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि 22 जून को वह और उसके गांव का पुमेश्वर चौधरी खेत का काम करके वापस घर जा रहे थे। परसकोल पुलिया के पास दोपहर करीबन 3.30 बजे छोटे भाई सेतराम यादव और ग्राम बाराडोली के प्रेम सारथी किसी बात को लेकर विवाद कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी प्रेम सारथी ने सेतराम यादव को आज तुझे जान से मार दूंगा कहकर गाली गलौज करते हुए अपने पास रखे चाकू से जान से गले में और कमर के पीछे चाकू से मारकर प्राण घातक हमला कर दिया। जिसे 112 वाहन में सरायपाली अस्पताल ले गये जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उचित इलाज हेतु रायपुर रेफर किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(2), 109(1) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### दो भाइयों ने की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में एक युवक के साथ दो भाइयों ने मिलकर मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थी सुनील चंद्राकर ग्राम बेलसोंडा वार्ड नंबर 10 ने बताया कि 22 जून की रात्रि लगभग 8.30 बजे ग्राम बेलसोंडा जितेंदर ढाबा से खाना खाने के बाद वह मनीष चंद्राकर एवं विकास चंद्राकर की दुकान पर गया। दुकान में विकास चंद्राकर था, जिससे उसने पान पराग एवं पानी बाटल मांगा। जिस पर विकास ने अभी सामान नहीं दे सकता हूं कहा। फिर उस जब पूछा कि क्यों नहीं दे सकते हो। तब विकास चंद्राकर ने आवेश में आकर मेरी मर्जी मेरा दुकान है कहकर उसका कालर पकड़कर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारा है। कुछ देर बाद आरोपी बड़ा भाई मनीष चंद्राकर भी आया और उसने गाली गलौज कर अपने दुकान के पास पड़े हुए डंडे मारा। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एक्सीडेंट में डेयरी संचालक की गाय की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली में एक डेयरी संचालक की गाय की एक्सीडेंट में मौत हो गई। पुलिस को प्रार्थी योगेश शर्मा वार्ड नंबर 14 मेन रोड सरायपाली ने बताया कि वह डेयरी का संचालन करता है। 23 जून को उसकी गाय चरने बस स्टैंड की ओर गई थी, रात्रि करीबन 9:30 बजे वापस आते समय बस स्टैंड सरायपाली फल दुकान के सामने वाहन क्रमांक सीजी 10 एएल 0501 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर उसकी एक लाल रंग के गाय उम्र लगभग 9 साल को एक्सीडेंट कर दिया है, जिससे मौके पर गाय की मौत हो गई है। मामले में सरायपाली थाने में आरोपी वाहन चालक योगेश पटेल पिता राजकुमार पटेल ग्राम कुड़ेकेल थाना बसना जिला महासमुंद के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### अंग्रेजी शराब जब्त आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिरदा से भंवरपुर जाने के रोड किनारे ग्राम पिरदा में पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से अंग्रेजी शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पन्ना लाल बंजारा पिता तुलसी बंजारा (26 साल) निवासी वार्ड नंबर 13 चनाट के कब्जे से 17 पौवा जम्मू स्पेशल व्हिस्की अंग्रेजी शराब कीमत 2040 रुपए को जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# जंघोरा में अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं का हल्ला बोल, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

समीपस्थ ग्राम जंघोरा में खुलेआम बिक रही अवैध शराब के खिलाफ मंगलवार को गांव की महिलाओं ने एकजुट होकर एसडीएम कार्यालय, आबकारी और थाना में पहुंचकर हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा और अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। महिलाओं का कहना है कि गांव के माहौल को लगातार बिगाड़ रही इस समस्या पर यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगी। महिलाओं ने ज्ञापन में आरोप लगाया है कि जंघोरा गांव के मुख्य मार्ग पर स्थित संगवारी ढाबा और पीएस ढाबा में बीते 5-6 वर्षों से शराब की अवैध बिक्री की जा रही है। इन ढाबों में चौबीसों घंटे शराब परोसी जाती है, जिससे न केवल गांव का वातावरण खराब हो रहा है बल्कि युवाओं और बच्चों का भविष्य भी अंधकारमय होता जा रहा है। महिलाएं कहती हैं कि अब हालात ऐसे हो गए हैं कि किशोर उम्र के बच्चे भी शराब पीने लगे हैं और गांव में झगड़े, गाली-गलौज और अशांति आम हो गई है। महिलाओं का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं और अब तक किसी भी स्तर पर अवैध शराब को लेकर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उनका कहना है कि जब ढाबों में इतनी खुलेआम शराब परोसी जा रही है तो यह बिना प्रशासनिक संरक्षण के संभव नहीं लगता। महिलाओं का यह भी आरोप है कि इन ढाबों पर अक्सर बाहरी लोगों का जमावड़ा रहता है, जिससे महिलाओं और बच्चों को असुरक्षा का अनुभव होता है। कई बार शराब के नशे में लोग सड़क पर हंगामा करते हैं, जिससे अन्य ग्रामीणों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन देने पहुंची महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि इन दोनों ढाबों पर तत्काल छापा मारकर शराब बिक्री को पूरी तरह बंद कराया जाए और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं कि तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# नेट बैंकिंग शुरू कराने के नाम पर साढ़े 9 लाख से अधिक की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नेट बैंकिंग शुरू कराने के नाम पर एक सोसाइटी प्रभारी के साथ साढ़े 9 लाख रुपए से ज्यादा की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पटेवा थाने में आरोपी मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। जानकारी के अनुसार सोसाइटी प्रभारी ग्राम चिरको निवासी डोलनारायण पटेल ने पुलिस में शिकायत की है कि उनका पंजाब नेशनल बैंक में खाता है और ऑनलाइन नेट बैंकिंग चला रहा था, जिसके बंद हो जाने पर उसने 22 जून को फिर से उसे चालू करने हेतु पंजाब नेशनल बैंक के कस्टमर केयर का मोबाइल नंबर ऑनलाइन सर्च कर उक्त नंबर से संपर्क किया। तब अज्ञात मोबाइलधारक ने आपका ऑनलाइन नेट बैंकिंग चालू हो जाएगा कहकर एक वाट्सअप लिंक भेजा, जिसे ओपन कर वांछित जानकारी भरी। बाद आरोपी मोबाइल धारक द्वारा कहा गया कि 3-4 घंटे में आपका नेट बैंकिंग चालू हो जाएगा। फिर 06.51 बजे उसके मोबाइल में पंजाब नेशनल बैंक के खाते से रुपए आहरण होने के मैसेज आने लगे। खाता चेक किया तो पंजाब नेशनल बैंक के खाते से कुल 9 लाख 59 हजार 705 रुपए निकाले जा चुके थे। बाद मोबाइल धारक से संपर्क किया लेकिन वह बंद मिला।

### 50 हजार रुपए की साइबर ठगी

इधर, बागबाहरा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बोडरीदादर का एक ग्रामीण साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठग ने उनके खाते से तीन बार में 50 हजार रुपए पार कर दिए। पवन सिंग ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 20 जून को देवेन्द्र नगर के नाम से उनके पास फोन आया। जिसमें सामने वाले ने कहा कि मैं बैंक से बोल रहा हूँ। तुम्हारे अकाउंट की केवायसी नहीं हुई है। तुम्हारा खाता बंद हो जायेगा इसे सुधरवा लो तुम्हारे पास ओटीपी आएगा, नंबर बता देना। इस प्रकार जैसा वह कहता गया, वो वैसा करता गया। बाद में पता चला कि खाते से 50 हजार रुपए पार हो गए। उसने बताया कि 12988, 24998, 12999 की राशि तीन बार में निकाल कर साइबर ठगों ने उसे ठगी का शिकार बना दिया।

### लूट के आरोप में एक गिरफ्तार, 30 हजार बरामद

**महासमुंद।** सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक सरायपाली के कर्मचारी के साथ लूट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से लूट की राशि 30 हजार रुपए बरामद किया है। भिथीडीह पिथौरा निवासी टिकेश्वर डडसेना ने बीते 13 जून को शिकायत दर्ज कराई कि वह सूर्योदय स्मॉल फायनेंस बैंक सरायपाली में दिसंबर 2024 से रिलेशनशिप कर्मचारी में पद पर कार्यरत रहा। 12 जून को बैंक के कलेक्शन के लिये बसना क्षेत्र के ग्राम पर्रापाट, बड़ेटेमरी, डूमरपाली, छोटेपटनी, बड़ेडाभा, छोटेडाभा, बंसुला समूह की राशि वसूल करने गया था और करीब 46 हजार 300 रुपए वसूल कर बैग में रखा। उसी बैग में एक मोबाइल तथा सूर्योदय स्मॉल कंपनी की रसीद बुक, पर्स जिसमें आधार कार्ड, पेन कार्ड, एटीएम, आरसीबुक रखकर बाइक से सरायपाली जा रहा था। शाम को एनएच 53 रोड संजय बिहारी ढाबा से पौंसरा के मध्य पहुंचने के दौरान एक बाइक चालक बैग को झपटकर ले भागा। बसना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने संदेही वार्ड-02 सोनी मोहल्ला थाना नुआपड़ा जिला नुआपडा हाल ग्राम नंदपुर थाना नुआपड़ा जिला नुआपड़ा (ओडिशा) निवासी लक्ष्मीकांत सोनी (29) से पूछताछ की। उसने लूट की घटना को अंजाम देना बताया। टीम ने आरोपी के कब्जे से लूट की राशि 48 हजार 300 में से 30 हजार रुपए जब्त किया है। आरोपी को बीएनएस की धारा 304 के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### पीएम आवास के नाम पर फिर झांसा, महिला के जेवर किए पार

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पीएम आवास के लिए फोटो खिंचाने के नाम पर एक महिला के जेवर दो लोगों ने मिलकर पार कर दिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। गौरतलब है कि इसी तरह की घटना की शिकार ग्राम मोंगरा की एक महिला भी हो चुकी है। पुलिस को महिला बुधारा बाई पटेला निवासी ग्राम खरोरा ने बताया कि 14 जून की सुबह करीबन 11 बजे वह और उसकी बहू पुन्नी बाई पटेला के साथ घर में थी, तभी एक व्यक्ति मेरे घर अंदर आया और अपने आप को प्रधानमंत्री आवास संबंधित अधिकारी बताया, वहीं दूसरा व्यक्ति घर के दरवाजा के पास खड़ा था। एक व्यक्ति ने कहा कि आपका प्रधानमंत्री आवास में नाम आया है इसलिए आपका फोटो खींचना हैं। इस दौरान उसने बहू पुन्नी बाई पटेला को दुकान से कोरा कागज लेने के लिए भेज दिया और उसे कहा जो गहने आपने पहना है उसे उतार दो। यदि फोटो में दिखाई देगा तो आपका आवास निरस्त हो जाएगा। जब उसने गहने को निकालने का प्रयास कि तो नहीं निकाल पाई, इसके बाद उक्त व्यक्ति ने स्वयं मेरे गले में पहने सोने के 6 नग लॉकेट का माला, कान में पहने सोने का टॉप एक जोडी को निकाल कर पठेरा में रख दिया, और फोटो खिंचवाने के लिए बाहर आने कहा। इसके बाद वे दोनों व्यक्ति मोटर सायकल में बैठ कर भाग निकले। जब उसने पठेरा में रखे जेवर को देखने गई तो वह वहां नहीं थे। दोनों व्यक्तियों ने उसके सोने के 6 नग लाकेट का माला वजन लगभग 3.98 मिली ग्राम कीमत 30000 रुपए एव कान में पहने सोने का टॉप्स एक जोड़ी वजन लगभग 1.220 मिली ग्राम कीमत 10000 रुपए कुल 40000 रुपए को चोरी कर लिए।

# आपातकाल की बरसी को काला दिवस के रूप में मनाएगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- इंदिरा ने अपनी सरकार बचाने देश में थोपा था आपातकाल: राजवाड़े

आपातकाल के 50 वर्ष होने पर भारतीय जनता पार्टी इसे लोकतंत्र की हत्या बताते हुए बतौर काला दिवस मनाएगी। आपातकाल के संदर्भ में आहूत पत्रकार वार्ता में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कांग्रेस पर जमकर प्रहार किए। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने प्रेसवार्ता में कहा कि आपातकाल जिसने भी देखा है, वे आज भी उस



समय को याद कर कांप जाते हैं। सत्ता के लिए कांग्रेस ने संविधान तक को बदलने का प्रयास किया।

मंत्री लक्ष्मी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने निजी स्वार्थ के लिए संविधान बदला था और आपातकाल लगाया। देश में तीन बार आपातकाल लगा है। लेकिन, तीसरा और अंतिम आपातकाल पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता को बचाने के लिए लागू किया। कई लोगों ने आपातकाल के दौरान यातनाएं सही। कांग्रेस की तात्कालीन इंदिरा गांधी सरकार द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए आपातकाल थोपा गया। साथ ही संविधान की आत्मा को कुचलने का प्रयास किया गया उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के द्वारा यह बात कही जाती है कि देश संविधान से चलेगा, तो उन्हीं की दादी की सरकार ने संविधान का पालन नहीं किया। देश में आपातकाल लगाया गया। कांग्रेस ने देश के साथ अन्याय किया है। आपातकाल के दौरान देश के नेताओं, नागरिकों को जेल में डाला गया। आवाज उठाने वालों को कैद किया गया। इसके विरोध में बीजेपी 25 व 26 को काला दिवस मनाएगी।




**खबर संक्षेप**



## बिरकोनी में माता पहुंचानी का पर्व कल

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में 26 जून गुरुवार को माता पहुंचानी पर्व मनाया जाएगा। मां शीतला मंदिर में पूजा अर्चना की जाएगी। माता को जल अभिषेक व श्रृंगार से सजाकर माता पहुंचानी का पर्व परंपरा अनुसार मनाया जाएगा। मंदिर में प्रत्येक साल आषाढ़ महीना में यह पर्व मनाया जाता है। मंदिर समिति ने सभी ग्रामवासियों को पूजा में उपस्थित होने की अपील की है। गर्मी के प्रकोप से होने वाली बीमारियों से बचाने और माता जैसे संक्रमण के मुक्ति के लिए भक्तों पर ठंडाई का छिड़काव व प्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम को ग्राम के सेवा मंडलियों द्वारा जसगीत व सेवा गीत प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मां शीतला समिति के सदस्य तैयारी में जुटे हुए है। उक्ताशय की जानकारी कोतवाल योगेश मानिकपुरी ने दी है।

## प्रयास विद्यालय के लिए दो छात्रों का चयन

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय तुपकबोरा विकासखण्ड बागबाहरा के दो छात्र ओमकार सेन और काजल दीवान का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए हुआ है। ज्ञात हो कि इस वर्ष 4 बच्चों जिज्ञासा दीवान, समीर दीवान, ओमकार सेन और काजल दीवान का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए हो चुका है। पिछले वर्ष भी प्रयास विद्यालय में 2 और राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति परीक्षा में भी 2 बच्चों का चयन हुआ था। पूर्व माध्यमिक विद्यालय तुपकबोरा से लगातार प्रयास विद्यालय और राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन पर शाला परिवार और ग्रामवासियों में हर्ष व्याप्त है। संकुल समन्वयक विजय साहू का कहना है कि शाला की यह सफलता समीप के विद्यालय के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा। छात्रों की इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरीश दीवान, सरपंच सावित्री दीवान, प्रधान पाठक सरिता साहू, शिक्षक मोहन लाल साहू, केदार नाथ साहू, शाला परिवार सदस्य अमरसिंह निषाद, सुनीता शंकर मरकाम, नंदकुमार, धनराज, लक्ष्मीनाथ, सहदेव दीवान, रुपेश, सुखीराम, पप्पू साहू, भूषण दीवान, पंचराम, दशरथ व ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।

## स्कूल के सामने घुटनेभर पानी, छात्रों को हो रही आवागमन में परेशानी



**नर्रा।** कोमाखान तहसील के ग्राम पंचायत बिंद्रावन के ग्राम नक्टापार में बरसात का पानी के अलावा घरों से निकलने वाले गंदा पानी स्कूल गेट व कुछ घरों के सामने जाम हो गया है। पानी की निकासी नहीं होने से घुटनेभर पानी में चलकर बच्चे स्कूल आते-जाते है। यहां पानी भरे सप्ताहभर से अधिक हो गया है। इससे आवागमन में परेशानी हो रही है। वहीं जल भराव से संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीण नरसिंह पांडे, माखनलाल पांडे, मिंताराम देवलाल, राजेश, चुलेश पांडे, चंदूलाल, हीरालाल, दुजराम, अंजोर सिंह, बूटीराम आदि कहना है कि बारिश से कुछ घरों एवं स्कूल के गेट के सामने घुटने भर पानी का भराव होने से लोग गंदे पानी से होकर चलने विवश है। ग्रामीणों ने निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

### घटना: नेशनल हाइवे 53 में झलप के छिलपावन चौक के पास कार व बाइक में टक्कर

# एक बार फिर दुर्घटना का हॉटस्पॉट बना चौक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झलप

नेशनल हाईवे क्रमांक 53 छिलपावन चौक में मंगलवार की शाम करीब 6:30 बजे के आसपास झलप में कार और बाइक की जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दो युवक रोड से करीब 50 मीटर दूर छिटक गए। दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए है। समाचार लिखे जाने तक दोनों की स्थिति की अपडेट नही मिल पाई है। झलप के व्यस्ततम चौक छिलपावन चौक जहां आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। आज फिर दो बाइक सवार युवक गंभीर दुर्घटना का शिकार हो गए। ओडिशा से रायपुर की तरफ जा रही टाटा नेक्सान क्रमांक ओडी 17 एल 3577 और हीरो होंडा बाइक सीजी 28 एन 8899 के बीच शाम करीब 6:30 बजे जबरदस्त टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से एक डमरूधर नागवंशी ग्राम लामीडीह निवासी बताया जा रहा है। दूसरा युवक की जानकारी नहीं मिली है। दुर्घटना के बाद सड़क पर सैकड़ो लोगों की




भीड़ इकट्ठी हो गई। जागरूक नागरिकों ने 108 को बुलाया, लेकिन आधे घंटे तक 108 नहीं आया। मजबूरन समाजसेवी युवकों ने घायलों को उठाकर अस्पताल तक पहुंचाया।




### क्रॉसिंग में सिग्नल नहीं

गौरतलब हो कि राष्ट्रीय राजमार्ग 53 में स्थित छिलपावन चौक में हमेशा भीड़ लगी रहती है। एक तरफ नेशनल हाईवे और भारी वाहनों का चलना। वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों का आवागमन होता है। लेकिन, नेशनल हाईवे सड़क अथॉरिटी को आज तक यहां सिग्नल लगाने की सुध नहीं आई। सैकड़ों लोग आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार होते रहते हैं। सिग्नल रहता तो कम से कम लोग सजग रहते और लोग दुर्घटना का शिकार न होते।

## शराबी ने की पति-पत्नी से मारपीट

महासमुंद। बागबाहरा के वार्ड नं. नौ में एक शराबी व्यक्ति ने पति-पत्नी से मारपीट कर दी। प्रार्थिया कामिनी यादव निवासी वार्ड नं नौ अचानकपारा बागबाहरा ने पुलिस को बताया कि 22 जून की शाम 5 बजे रवि जगत उर्फ बिल्लू की बहन आस्था जगत मार्केट जाने के लिए हमारे घर आई थी, इस बात को लेकर रवि जगत उर्फ बिल्लू द्वारा रात्रि करीबन 10 बजे शराब के नशे में घर सामने उसे और उसे पति गंगाराम विभाग से गाली गलौज करने लगा, मना करने पर आरोपी रवि जगत ने ईंट एवं किसी धारदार वस्तु से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## मंत्री से महतारी वंदन योजना का पोर्टल खुलवाने की मांग

**महासमुंद।** वीरांगना महारानी दुर्गावती के शहादत दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का जिला मुख्यालय आगमन हुआ। मंत्री राजवाड़े का स्वागत जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया, साथ ही क्षेत्र के विकास और महिलाओं के कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। हुलसी ने महतारी वंदन योजना के संबंध में चर्चा की। उन्होंने पत्र सौंपकर महतारी वंदन योजना के पोर्टल को खोलकर पुनः आवेदन लेकर मातृशक्तियों को इस योजना का लाभ दिलाने का अनुरोध किया। जिस पर मंत्री ने अतिशीघ्र पोर्टल खुलवाकर आवेदन लेने का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। महतारी वंदन योजना माताओं और बहनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और सरकार इस योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए कटिबद्ध है।



## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर डाइट में योगाभ्यास

**महासमुंद।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में प्राचार्य मीना पाणिग्राही, सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान के मार्गदर्शन एवं योग शिक्षा प्रभारी टेकराम सेन के संयोजन में शासन के प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य मीना पाणिग्राही एवं सहायकग प्राध्यापक अरुण प्रधान ने कहा कि योग एवं प्राणायाम हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए, जिससे हम स्वयं स्वस्थ्य रहते हुये स्वस्थ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं। योग शिक्षा प्रभारी टेकराम सेन के निर्देशन पर एफएलएन अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने आये जिले भर के मास्टर ट्रेनर्स एवं अकादमिक सदस्यों सहित छात्राध्यापकों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता संतोष साहू, किरण कन्नौजे, सुमन दीवान सहित ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू, मीना साहू, मास्टर ट्रेनर्स बारिश कुमार, पुष्पकर पटेल, दुर्वादल दीप, कामता पटेल, हेमंत भोई, श्रवण प्रधान, शिशुपाल प्रधान, शरण दास, शीला विश्वास, निरुपमा देवता, वर्षानंद, योगिता प्रधान, ज्योति प्रधान, ललित साहू, टुकेश्वर साहू, विद्याधर साव, हरिशंकर भोई, दीपा साहू, अद्वैत तिवारी सहित छात्राध्यापक गण उपस्थित थे।

# अमुर्दा में साहू समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बागबाहरा

- विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा : समाज की एकता और जागरूकता ही भविष्य की

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अमुर्दा में साहू समाज के बहुप्रतीक्षित सामुदायिक भवनके निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम उत्साह व गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने ने विधिवत पूजा-अर्चना कर समाज के इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य की नींव रखी। अध्यक्षता साहू समाज महासमुंद के जिला अध्यक्ष धरमदास साहू ने की। जबकि मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसील अध्यक्ष भेखलाल साहू की उपस्थिति रही।



विधायक द्वारिकाधीश यादव ने साहू समाज के ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का यह भूमिपूजन केवल ईंट-पत्थर की नींव नहीं, बल्कि साहू समाज की एकता, जागरुकता और आत्म-सम्मान की बुनियाद है। यह भवन आने वाले समय में समाज के सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। विधायक यादव ने आगे कहा कि साहू समाज ने हमेशा छत्तीसगढ़ की सेवा, मेहनत और विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से खेमराज साहू, देवराज साहू, सरपंच नरेंद्र दीवान भारती साहू, हीरा साहू, शोभित साहू, कोमलचंद, श्रीराम, भागीरथी, होश राम पटेल, चेतन साहू, अर्जुन साहू, किशन साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों के आधार कार्ड सुधार के लिए विशेष शिविर आयोजित कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली

सरायपाली क्षेत्र के अनेक विद्यार्थियों और उनके परिवारों की आधार कार्ड के त्रुटिपूर्ण समस्याओं को लेकर सुधार के लिए विशेष शिविर आयोजित कराने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। इस संबंध में किशोर सतपथी ने बताया कि आधार कार्ड के इस गंभीर समस्या और समाधान हेतु पहल करने से हमारे क्षेत्र के अनेक विद्यार्थी जिनका पूरा शैक्षणिक जीवन सरायपाली व बसना के स्कूलों में बीता है, उनके आधार कार्ड में अंकित नाम, जन्मतिथि व अन्य विवरण उनके विद्यालयी दस्तावेजों से मेल नहीं खाते। यह त्रुटियां कई सरकारी व गैर-सरकारी कार्यों में बाधा और मानसिक तनाव का कारण बना हुआ है। जिसके चलते सरकारी छात्रवृत्ति, कॉलेज में प्रवेश, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता अथवा रोजगार के लिए



आवेदन-हर प्रक्रिया में आधार की अनिवार्यता ने इन विद्यार्थियों के सामने एक बड़ी दीवार खड़ी कर दी है। दुख की बात यह है कि इन त्रुटियों को ठीक कराने के लिए राजपत्र प्रकाशन की आवश्यकता बताई जा रही है, जो आम ग्रामीणों के लिए बहुत महंगी व कठिन प्रक्रिया है। हमारे क्षेत्र के कृषि, श्रमिक और निम्न आय वर्ग से आता है। राजपत्र की प्रक्रिया उनके लिए न केवल आर्थिक भार है, बल्कि भविष्य की संभावनाओं पर ग्रहण भी है। इन सब परेशानी को देखते हुए जिला मुख्यालय पर एक विशेष एक दिवसीय शिविर आयोजित कर राजपत्र अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित करवाई जाए। ताकि, क्षेत्र के विद्यार्थी एवं नागरिक सुलभ, सस्ते एवं प्रमाणिक माध्यम से अपने आधार में आवश्यक सुधार कर सकें।

# देश की जनता को लूटने के नए-नए उपाय कर रही मोदी सरकार: साव

**महासमुंद।** केंद्र सरकार द्वारा फास्टैग एनुअल पास की घोषणा को प्राइवेट कार ऑनर्स की जेब में डकैती करार देते हुए जिला कांग्रेस संयुक्त महामंत्री एवं पार्षद विजय साव ने कहा है कि जब से केंद्र में मोदी की सरकार आई है, जनता को लूटने के नए-नए उपाय कर रही है। वाहनों के पंजीयन के समय ही रोड टैक्स के नाम पर भारी भरकम राशि एक मुस्त ले ली जाती है, डीजल पेट्रोल पर 1 रुपए प्रति लीटर की दर से और एसयूवी पर उपकर (सेस), उसके बाद जगह-जगह टोल प्लाजा और जो पहले 10, 20 और 40 रुपए तक हुआ करते थे, आज 100, 200, 250 रुपए तक एक एक टोल प्लाजा में वसूले जा रहे हैं। साव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की मोदी सरकार का फोकस जन सुविधा नहीं, बल्कि धन की जबरिया उगाही है। मोटे कमीशन और अनाप-शनाप किए गए उगाही में हिस्सेदारी के लालच में निजी टोल प्लाजा को खुली छूट दी जा रही है।



एक देश एक कानून की बात करने वाले भाजपा की सरकार में हर प्रदेश और हर हाईवे के लिए अलग नियम है। एक तरफ जहां गुजरात में निजी वाहनों पर टोल नहीं लगता। वहीं उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा टोल वसूला जा रहा है। देशभर में लगभग 1070 टोल प्लाजा है, जिनमें से आधे से अधिक केवल मोदी राज में बनाये गये, 460 टोल केवल पिछले 5 वर्षो में ही बने है। सत्ता के संरक्षण में ही जनता को लूटने और उनकी जेब पर डकैती का प्रयास हो रहा है। अब एनुअल पास, वसूली का नया उपाय है।

# बलौदा मंडल में मनाई गई श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

विधानसभा सरायपाली के भाजपा मंडल बलौदा में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून को बलिदान दिवस के रुप में मनाया गया।

बलिदान दिवस पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं मां भारती के तैल चित्र 5 दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात प्रमुख वक्ताओं ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संक्षिप्त जीवनी उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे प्रेणास्त्रोत मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक भारतीय राजनीतिज्ञ, महान चिंतक, प्रखर राष्ट्रवादी, शिक्षाविद् न्यायविद और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे और प्रथम अध्यक्ष भी रहे। डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, सामाजिक न्याय और आत्मनिभार भारत की परीकल्पना करने के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। वे कुशल संगठक थे, जिन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना के माध्यम से राष्ट्रीय हित की विचार धारा को नई दृष्टि प्रदान की, उनका त्याग, समर्पण एवं उच्च आदर्श आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का प्रकाश स्तंभ हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी 1934 को कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति थे।1937 में बंगाल विधान सभा परिषद के सदस्य बने और 1947 को संविधान सभा के सदस्य चुने गए, 1951में उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की तथा प्रथम अध्यक्ष भी रहे।1952 के लोक सभा चुनाव में अपनी सीट सहित जनसंघ तीन सीटों पर जीत हासिल किया।



डॉ. मुखर्जी 1953 में जम्मू और कश्मीर में प्रवेश करने की कोशिश करते समय गिरफ्तार कर लिए गए ओर उन्हें बिना मुकदमे के हिरासत में रखा गया और 23 जून 1953 को उनकी रहस्यमयी परस्थितियों में मृत्यु हो गई। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल, जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, मंडल अध्यक्ष नीलांबर तांडी, गिरीश साहू, उपेंद्र साहू, शारदा तिवारी, वर्षा साहू, आशीष सेन, भाजपा कार्यकर्तागण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अव्यवस्था फैलाने वाले अधिकारियों का युक्तियुक्तकरण कर कार्रवाई करने की मांग

## छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई महासमुंद ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर व्यवस्था के नाम में शालाओं में अव्यवस्था निर्मित करने वाले दोषी अधिकारियों का युक्तियुक्तिकरण कर कार्रवाई करने की मांग की है।

इस दौरान कलेक्टर से मांग पत्र के सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कलेक्टर ने प्रतिनिधि मंडल को ज्ञापन की मांग पर उचित कार्रवाई करने का विश्वास दिलाया। संगठन की तरफ से शालाओं में व्यवस्था के नाम पर चल रहे राहत कार्य के लिए जिम्मेदार अफसरों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई। युक्तियुक्तकरण वरिष्ठता सूची में व्यापक पैमाने में गलतियां करने वाले दोषी अधिकारियों का युक्तियुक्तकरण करने की मांग की गई। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शाला संचालन के लिए प्राथमिक टीचर से हाईस्कूलों में अध्यापन कार्य संपादित कराने के लिए निकला गया आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की। बिना काउंसलिंग युक्तियुक्तकरण में स्थान देने पर दोषी अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की गई। सभी मांगों पर कलेक्टर द्वारा उचित कदम उठाने की बात कही गई।

ज्ञात हो कि फेडरेशन ने पांच दिनों में दोषी अधिकारियों का युक्तियुक्तकरण कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में 28 जून 25 को सामूहिक उपवास व धरना प्रदर्शन करने की घोषणा की है। धरना प्रदर्शन के बाद भी दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई न हुई तो 5 जुलाई को लोहिया चौक से सीएम हाउस तक पदयात्रा कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा और अधिकारियों द्वारा किस प्रकार शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है इसकी शिकायत की जाएंगी। आंदोलन की सूचना कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से दी गई है। ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव ने कहा कि आज फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा मांग पत्र दिया गया है। अगर, प्रशासन इन मांगो पर कार्रवाई नहीं करती है तो घोषित आंदोलन तय तिथि में किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के बाद सरकार को तत्काल अधिकारियों का युक्तियुक्तकरण करना चाहिए। जिन अधिकारियों के भरोसे शालाओं की दशा को सुधारने की जवाबदारी है, आज वैसे अफसर ही शाला में व्यवस्था के नाम पर अव्यवस्था फैला रहे है। अधिकारियों का मनमाना रवैया बताता है कि आने वाले समय में ये कुछ ही महीने में पुरानी स्थिति लाकर खड़ा कर देंगे। शिक्षा विभाग और सरकार को चाहिए कि वे तत्काल दोषी अधिकारी पर कार्रवाई करें तथा उनका भी युक्तियुक्तकरण करें। ताकि, अधिकारियों द्वारा शालाओं में व्यवस्था के नाम पर अव्यवस्था न हो पाए। शिक्षा विभाग को इस पर कारगर कदम उठाना चाहिए। ताकि, भविष्य में इस प्रकार की गतिविधि अफसर न करें। संगठन के प्रदेश सचिव ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि हमने कलेक्टर के समक्ष सभी पहलुओं को पारदर्शिता के साथ रखा है।



## राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता के लिए मुस्कान का चयन

**महासमुंद।** भारतीय सॉफ्ट टेनिस संघ द्वारा राष्ट्रीय सब जूनियर बालक/बालिका सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 24 जून से 02 जुलाई 2025 तक चंडीगढ़ में आयोजित किया जाना है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम शामिल होगी। जिले की मुस्कान निषाद पिता पवन निषाद का चयन छत्तीसगढ़ टीम में हुआ है। मुस्कान सेजेस हिंदी मीडियम स्कूल महासमुंद की कक्षा 10वीं की छात्रा है, जो वन विद्यालय टेनिस कोर्ट में प्रशिक्षक अंजनी साहू व्यायाम शिक्षक के मार्गदर्शन नियमित रूप से सॉफ्ट टेनिस खेल का अभ्यास करती हैं। खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा टेनिस एवं सॉफ्ट टेनिस खेल को आगे बढ़ाने के लिए संसाधनों की उपलब्धता एवं ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों के खेल कौशल में सुधार, खेल की बारीकियां, प्रतियोगिता की तैयारी कराया गया।

## खबर संक्षेप



### बिरकोनी में 27 को निकलेगी रथयात्रा, तैयारी में जुटे ग्रामीण

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के रामजानकी मंदिर में 27 जून शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी। पं. लक्ष्मीनारायण महाराज ने बताया कि मंदिर में प्रातः भगवान जगन्नाथ, बलदेव व देवी सुभद्रा को शाही स्नान व श्रृंगार से सजाकर पूजा आरती की जाएगी। शाम 4 बजे रथ में विराजित भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा ग्राम के मानस मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन व गाजे बाजे के साथ भक्तिमय गीत गाते हुए निकाली जाएगी। सनातन वैदिक सेवा धर्म समिति द्वारा पद प्रदर्शक किया जाएगा। शोभायात्रा ग्राम के मुख्य मार्ग से होते हुए बाजार चौक मेला स्थल से होकर गुजरेगी और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। दीपक वैष्णव ने बताया कि यात्रा चार दिवसीय होगा। इस दिन रथयात्रा उत्सव में ग्रामवासियों के अलावा आसपास के ग्रामीण भी भगवान के दर्शन करने पहुंचते हैं।

### जिला पंचायत में संगोष्ठी एवं छायाचित्र प्रदर्शनी आज

**महासमुंद।** देशभर में 25 जून को आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। यह दिन 25 जून 1975 में देश में लगाए गए आपातकाल की याद दिलाता है, जब लोकतांत्रिक मूल्यों, प्रेस की स्वतंत्रता और नागरिकों के अधिकारों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। शासन के निर्देशानुसार महासमुंद जिला पंचायत परिसर में विशेष रूप से संगोष्ठी एवं छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी एस आलोक ने बताया कि इस अवसर पर दोपहर 12 बजे से आयोजित कार्यक्रम में जिले के मीसा बंदियों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

**विडंबना : बसना ब्लाक के अंतिम छोर में बसे ग्राम बुटीपाली के ग्रामीणों के लिए बनी है मुसीबत**


# बुटीपाली से बड़ेसाजापाली मार्ग की हालत जर्जर अनेक बार गुहार लगाने के बाद भी सुधार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

बसना ब्लॉक के अंतिम छोर में स्थित बुटीपाली गांव में रहने वाले लोगों के लिए तहसील मुख्यालय से जोड़ने वाली पहुंच मार्ग एक महत्वपूर्ण साधन है। लेकिन, इस मार्ग में पहुंचाने वाले बुटीपाली से बड़े साजापाली मुख्य सड़क की हालत जर्जर होने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। गांव के मार्ग की खराब स्थिति के कारण बरसात में आवागमन और भी मुश्किल हो जाता है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग की मरम्मत 15 वर्षों में एक बार भी नहीं हुई है, जिससे इसकी स्थिति और भी खराब हो गई है। इससे यह साफ हो गया है कि लोक निर्माण विभाग इस मार्ग की देखभाल करने में पूरी तरह से विफल रहा है।





### ग्रामवासियों ने कई बार लगाई गुहार

ग्रामवासियों ने कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से इस मार्ग की मरम्मत करने की गुहार लगाई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही ग्रामवासियों ने मिलकर लोक निर्माण विभाग सरायपाली को बुटीपाली से बड़े साजापाली मार्ग की मरम्मत को लेकर आवेदन दिया था। इसके बावजूद अब तक विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इससे यह साफ हो गया है कि लोक निर्माण विभाग ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनने के लिए तैयार नहीं है। ग्रामवासियों में मुख्य रूप से गांव के सरपंच रोहित कुमार साहू, ग्राम अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, पंच टोपचंद पटेल, मनोज खटकर, नागेश्वर भोई सहित काफी संख्या में ग्रामवासियों ने गुहार लगाई है।

**बरसात के मौसम में आवागमन और दूभर विभागीय लापरवाही से सड़क खराब**

### बरसात में आवागमन में हो रही भारी परेशानी

बरसात के मौसम में इस मार्ग पर आवागमन और भी मुश्किल हो जाता है। मार्ग की खराब स्थिति के कारण वाहन चालकों एंव राहगीरों को कीचड़ युक्त मार्ग में चलना पड़ता है। इससे यह साफ हो गया है कि इस मार्ग की मरम्मत करना बहुत जरूरी है।

### लोक निर्माण विभाग की लापरवाही: ग्रामीण

ग्रामीणों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण इस मार्ग की स्थिति खराब हो गई है। विभाग के अधिकारियों को चाहिए कि वे इस मार्ग की मरम्मत करने के लिए तुरंत कार्रवाई करें। इससे ग्रामवासियों को राहत मिलेगी और वे अपने दैनिक कार्यों को आसानी से कर पाएंगे।

### ग्रामवासियों की मांग

ग्रामवासियों ने मांग की है कि लोक निर्माण विभाग इस मार्ग की मरम्मत करने के लिए तुरंत कार्रवाई करें। ग्रामवासियों का कहना है कि बुटिपाली से बड़े साजापाली मार्ग की मरम्मत होने से उन्हें अपने दैनिक कार्यों में आसानी होगी और वे अपने दैनिक कार्यों के किये गांव से बाहर आना जाना करने व बच्चों को स्कूल भेजने में भी सक्षम हो पाएंगे।

### ग्रामवासियों को मिलेगी राहत

अब देखना यह है कि लोक निर्माण विभाग इस मार्ग की मरम्मत करने के लिए क्या कार्रवाई करता है। यदि विभाग इस मार्ग की मरम्मत करने के लिए तुरंत कार्रवाई करता है, तो इससे ग्रामवासियों को राहत मिलेगी। लेकिन यदि विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता है, तो इससे ग्रामवासियों की परेशानी और भी बढ़ जाएगी।

## मुखर्जी के बलिदान दिवस पर 51 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर 23 जून को खल्लारी विधानसभा के ग्राम मुनगासेर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

अटल समरसता भवन में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर आयोजक अलका चंद्राकर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता अखंडता एवं कश्मीर में धारा 370 समाप्त करने परमिट सिस्टम खत्म करने के लिए अपना बलिदान दिया, आज हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प निश्चय के कारण कश्मीर में धारा 370 और 35ए समाप्त किया। बलिदान दिवस के अवसर पर इस रक्तदान शिविर में 51 रक्तवीरों ने रक्तदान किया, जो निश्चय ही रक्तवीरों से दूसरे की जान बचाने में सहायक सिद्ध होगा। रक्तदान महान पुण्य का काम है और आने वाले विभिन्न अवसरों पर



यह लगातार रक्तदान शिविर चलता रहेगा। रक्तवीरों के सुरक्षा के लिए उन्हें हेलमेट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, कार्यक्रम सह संयोजक पिलेश्वर पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपेश साहू, मंडल अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू, सूरज ठाकुर, संतोष सेन मां चंडी रक्तदाता सेवार्थ समिति एवं हरीश साहू आशीर्वाद ब्लड बैंक का विशेष योगदान रहा है। कार्यक्रम में मोनिका साहू जिला उपाध्यक्ष, डाली ध्रुव मंडल अध्यक्ष, दुबेलाल साहू, कमलेश टांडे, राजेश ठाकुर, प्रकाश पटेल आदि उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

बागबाहरा शहर मंडल के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मोनिका साहू उपस्थित रहीं और कार्यक्रम का सफल नेतृत्व मंडल अध्यक्ष डिंपल डाली ध्रुव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर सुमन अर्पित कर एवं राष्ट्रगीत के पश्चात किया गया।

मुख्य वक्ता ने उनके जीवनी के बारे में बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रमुख राष्ट्रवादी नेता थे, जिन्होंने



भारतीय जनसंघ की स्थापना की एवं प्रथम उनके प्रथम अध्यक्ष थे जो कि बाद में भारतीय जनता पार्टी बनी। वह जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के खिलाफ एक प्रमुख आवाज थे और 23 जून 1953 को जम्मू-कश्मीर की एक जेल में उनकी रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। वे एक देश एक निशान एक प्रधान के सूत्रधार थे। कार्यक्रम में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, शंकर तांडी, आबिद खान, संजय मालवे, अतुल गंडेचा, चंद्रशेखर ध्रुव, तुकाराम चंद्राकर, काजल साहू, पार्वती नायक, हरमीत बग्गा, अरविंद छाबड़ा, राहुल कलश, तुलसी यादव, नारायण तांडी, नारायण तांडी, अशोक दीप, सविता दीवान, थानूराम पांडे, श्यामा चंद्राकर, मदनलाल देवांगन, पूनम चंद्राकर, दुर्गा वस्त्रकार, रमन वर्मा, गजेंद्र साहू, लोकू चंद्राकर, धनराज साहू, नरेंद्र ठाकुर, राधेलाल साहू, जंक राम नायक, गंगाराम यादव, बृजेश गुप्ता, सिकंदर सोनवानी, अजीत तांडी, योगेश चिंदा, छेदूराम चक्रधारी, बाबूलाल चक्रधारी, मोहन ठाकुर, तिलेश्वर साहू, राजा देवांगन, दिनेश विशाल, भावेश बघेल, युवराज दीवान, लुकेश कुमार नायक जैसे ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता, पार्षद, सरपंच बूथ अध्यक्षगण सम्मिलित हुए। मंडल के मीडिया प्रभारी डेविड कुमार साहू ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में सभी भाजपाजनों ने मिलकर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण किया।

### बिजली समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** बिजली की दर बढ़ाने के खिलाफ और प्रदेशभर में हो रहे बिजली कटौती से परेशान जनता को न्याय एवं सुविधा दिलाने के संबंध में आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि जिले में लगातार हो रही बिजली कटौती से जनता को तमाम तरह की परेशानियां झेलनी पड़ रही, बिजली के बिना सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक सभी प्रकार के काम में रुकावट आ रही है। इस कमी से जो व्यक्तीगत परेशानियों झेलनी पड़ रही है वो तो है ही, उसके अलावा प्रदेश के विकास पे भी इसका संक्रामक असर है। छत्तीसगढ़ बिजली सरप्लस राज्य है। प्राकृतिक संसाधन से परिपूर्ण, यही वजह है कि देश के 5 ऐसे प्रदेश जो बिजली देशभर के राज्य को बेचते हैं उसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है। अभी हाल ही में 1000 मेगावाट की बिजली का अनुबंध एमओयू छत्तीसगढ़ प्रदेश ने तेलंगाना से भी किया है। फिर भी नियामक आयोग द्वारा घाटे का हवाला देकर दरों में वृद्धि करना तर्कसंगत नहीं प्रतीत होता, बल्कि भ्रष्टाचार का अंदेशा भी प्रतीत होता है। जिस प्रदेश के नागरिकों को मुफ्त बिजली मिलनी चाहिए उस प्रदेश के नागरिकों को अब सबसे महंगी बिजली मिलनी जा रही। आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ की सरकार प्रशासन और शासन से निवेदन करती है कि इस फैसले को वापस ले और प्रदेश के उपभोक्ताओं को 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए जरूरी कदम उठाए।



## बॉस्केटबॉल प्लेयर दिव्या का कलेक्टर ने किया सम्मान




**महासमुंद।** अंडर 16 एशियन चैंपियनशिप क्वालीफायर 12 से 15 जून तक आयोजित था, जिसमें भारतीय टीम ने श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीप से लगातार मैच जीतकर फ़ाइनल में प्रवेश किया। फ़ाइनल में भारत ने श्रीलंका को हराकर स्वर्ण पदक जीता एव फिबा अंडर 16 वूमैन एशियन चैंपियनशिप 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो 14 से 20 सितम्बर 2025 तक मलेशिया में आयोजित किया जाएगा। बता दें कि भारतीय बास्केटबॉल बालिका टीम में छत्तीसगढ़ से जिले की दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी शामिल हुई और स्वर्ण पदक हासिल कर प्रदेश को गौरवान्वित किया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने दिव्या के मालदीप में स्वर्ण पदक जीतने एवं एशियन चैंपियनशिप मलेशिया के लिए भारतीय टीम के क्वालिफाई करने पर हर्ष जताया। भारतीय बास्केटबॉल टीम में छत्तीसगढ़ से एक मात्र बालिका खिलाड़ी महासमुंद जिले से दिव्या रंगारी के स्वर्ण पदक जीतने एवं एशियन चैंपियनशिप में भारतीय टीम के क्वालिफाई होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि साहू व जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे व जिला अधिकारियों सहित नूरेन चंद्राकर अध्यक्ष जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद, गौरव चंद्राकर चेयरमैन जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद, शुभम तिवारी सचिव जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद, मनीष श्रीवास्तव, संतोष कुमार सोनी ने हर्ष जताया।

## सिटी डेवलपमेंट योजना को लेकर हुई बैठक



**महासमुंद।** छग शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के निर्देश पर प्रदेश के नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत में सिटी डेव्हलपमेंट योजना के तहत 5 साल की कार्ययोजना मंगाए जाने को लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने अपने वार्ड नं. 14 रेलवे पटरी किनारे मोहल्ले के लोगों की बैठक रखकर विकास संबंधी चर्चा की। राठी ने पटरी किनारे निवासरत लोगों से जानकारी ली कि आपके मोहल्ले में कौन कौन से विकास कार्य कराना है, सभी ने अपने अपने तरीके से विकास की बात रखी। प्रमुख मांग पटरी किनारे सीसी रोड निर्माण का है। राठी ने मोहल्लेवासियों को बताया कि 6 माह पहले ही रेलवे पटरी किनारे सीसी रोड निर्माण का ठेका हो चुका है। 10 लाख की लागत से रोड बनाई जाएगी। इस दौरान भाजपा के बूथ प्रभारी पलास यादव, अंबा बाई सोनी, रमेश साहू, मनोज भोई, विष्णु यादव, राखी मानिकपुरी, राखी सोनी, रेखा साहू, गुणा साहू, झनक साहू आदि मौजूद रहे।

**मुलाकात**



**महासमुंद।** कांग्रेस जिलाध्यक्षों की अहम बैठक आयोजित राजीव भवन रायपुर में की गई। बैठक के दौरान संगठनात्मक मजबूती को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की अध्यक्षता में, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, एआईसीसी राष्ट्रीय सचिवगण एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों की बैठक ली गई। बैठक में महासमुंद कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर शामिल हुई और महासमुंद जिले में चल रहे संगठन के गतिविधियों की की जानकारी डॉ रश्मि चंद्राकर ने दी।

## शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में शाला प्रवेश उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे रहे। साथ में सहायक संचालक सतीश नायर एवं नंदकिशोर सिन्हा भी मौजूद रहे। डीईओ लहरे ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य भारत साहू ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 की जानकारी साझा करते हुए बताया कि कक्षा दसवीं में कुल 45 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 39 छात्र उत्तीर्ण हुए। इनमें उर्वशी यादव ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने उर्वशी



यादव, माधुरी साहू एवं लीना साहू को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के साथ-साथ विद्यालय की ओर से बेल्ट एवं बैच भी वितरित किए गए। मुख्य अतिथि लहरे ने संबोधन में बच्चों, पालकों एवं शिक्षकों को तीन महत्वपूर्ण संदेश दिए। इसमें बच्चों के लिए वे नियमित रूप से विद्यालय आएं, सीमित समय में अधिकतम अध्ययन करें और अपनी समस्याओं के समाधान हेतु विद्यालय से संपर्क रखें। पालकों के लिए: वे अपने बच्चों को पढ़ाई हेतु समय और उचित वातावरण प्रदान करें। शिक्षकों के लिए: गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें और छात्रों को अधिकतम सीखने के लिए उपयोगी सूत्र एवं शॉर्टकट उपलब्ध कराएं। उन्होंने विद्यार्थियों को श्रेष्ठ अंक लाने एवं बोर्ड परीक्षा में टॉप-10 में स्थान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। समिति सदस्यों नामदेव साहू एवं देव कुमार टंडन ने भी छात्रों को आशीर्वाद प्रदान किया। अंत में अतिथियों द्वारा शाला परिसर में कटहल एवं आम के पौधों का रोपण किया गया। संचालन व्याख्याता विनीता अंजलि दीवान ने किया। कार्यक्रम में समिति सदस्य नामदेव साहू, लोमश साहू, भीखम साहू, संतोष कुमार साहू, तोसकुमार साहू, हेमलाल सेन, पालकगण एवं शिक्षण स्टाफ से प्रीति चंद्राकर, भुवनेश्वरी जांगड़े, ममता ठाकुर, विनीता अंजलि दीवान, प्रकाश चंद्राकर, राधेश्याम सोनी, मंजूषा साहू, काजल, नवीन मौजूद रहे।

## गायत्री शक्तिपीठ का घर-घर साधना एवं यज्ञ कार्यक्रम

**महासमुंद।** गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद महिला मंडल द्वारा एक अभिनव साधना कार्यक्रम के अंतर्गत नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में घर-घर जाकर सामूहिक जप साधना एवं एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 24,000 गायत्री महामंत्र एवं 2,400 महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जप कर पूर्णाहुति की जाती है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य घर-परिवार में सुख, शांति, सद्विचारों की स्थापना एवं विश्व कल्याण की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। इस आयोजन से भाग लेने वाले नवीन साधकों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। यह लघु अनुष्ठान अत्यंत न्यूनतम संसाधनों में भी सरलता से संपन्न हो रहा है, जिससे आम जनमानस के लिए यह सहज व प्रेरणादायक बन गया है। अब तक यह लघु अनुष्ठान कौशिक कॉलोनी में शीला देवांगन एवं पूर्णिमा साहू के निवास, ग्राम खैरा में राजेश चंद्राकर तथा आदर्श नगर में चंद्रकला साहू के घर संपन्न हो चुका है। आगामी आयोजन 26 जून को मचेवा स्थित श्यामा गौरी धाम में प्रस्तावित है। इसके पश्चात यह अनुष्ठान और भी अधिक



घरों में क्रमशः आयोजित किया जाएगा। इस साधना अभियान में पूर्णिमा साहू, निशा चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, उमा समंदर, शारदा प्रजापति, रामकुमारी नागदेवे, चंद्रकला साहू, नीतू साहू, सुनीता चंद्राकर, रेणुका निषाद, उमा साहू, कणेश्वरी निषाद, प्रेमलता साहू, नेहा साहू, दुलारी चंद्राकर, धनेश्वरी वर्मा, कमला राठिया, पिंकी सेट, देवकुमारी दीवान, मनोरमा साहू, गंगा साहू, लक्ष्मी रहंगडाले, राधेश्याम चंद्राकर, भूखन एवं धनीराम कुमारेश शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### बागबाहरा में माता पहुंचनी का पर्व कल

**बागबाहरा।** थाना पारा ढांगापारा डिपरा वार्ड नंबर 2, 3, 4, 5 माता शीतला मंदिर में माता पहुंचनी का आयोजन गुरुवार 26 जून को रखा गया है। वार्डवासी सहित सभी नगरवासी शीतला मंदिर पहुंच कर माता का प्रसाद, ठंडाई एवं आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। समिति द्वारा आयोजन की तैयारी की जा रही है। दोपहर 3 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएगा। समिति ने सभी नगरवासियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।



### रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के अदम्य साहस शौर्य की प्रतीक महान वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मितानिन कौशल्या चंद्राकर भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, बबली चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर ने कहा कि वीरता, साहस एवं त्याग की प्रतिमूर्ति रानी दुर्गावती ने मातृभूमि की रक्षा के लिए शौर्य, रणकौशल देश के गौरवशाली इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जो बेटियों के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहे हैं।

### पंडित सुंदर लाल शर्मा मुक्त विवि से प्रवेश अधिसूचना जारी

**महासमुंद।** पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शिक्षा के अंतर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त इन पाठ्यक्रमो में आनलाइन प्रवेश 1 जुलाई से प्रारंभ होंगे एवं 31 अगस्त तक प्रवेश लिया जा सकता है। इस विश्वविद्यालय द्वारा कामकाजी तथा महाविद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित होकर शिक्षा ग्रहण न कर पाने वाले व्यक्तियों के लिए दूरस्थ शिक्षा पद्धति के माध्यम से अध्ययन करवाया जाता है।



### ट्यूबवेल साधन वाले किसान कर रहे रोपाई का कार्य

नर्रा। क्षेत्र के ट्यूबवेल साधन वाले किसानों ने इन दिनों आषाढ़ माह में धान की रोपाई कार्य शुरू दी है। बता दें कि खेतों में नलकूप से पानी छोड़कर ट्रैक्टर व रोटोवेटर से मताई की जा रही है। फिलहाल, अभी शुरूवाती दौर पर होने से मनिहार व मजदूर असानी से मिल पा रही है।

### भाजपा के गढ़ गुजरात एवं पंजाब में आप की जीत पार्टी को देगी नई दिशाः राकेश

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा है कि उपचुनाव में भाजपा के गढ़ गुजरात



और पंजाब में आम आदमी पार्टी ने जीत दर्ज की है। इस जीत से आम आदमी पार्टी को एक नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि 4 राज्यों के 5 विधानसभा सीटों के उपचुनाव में आम आदमी पार्टी ने 2 पर शानदार जीत हासिल की है। पंजाब की लुधियाना वेस्ट एवं गुजरात की विसावदर विधानसभा में आम आदमी पार्टी ने जीत दर्ज की है, जिससे पूरे देश में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशियों की लहर देखी जा रही है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस जीत से साबित भी कर दिया कि भाजपा से अब गुजरात की जनता ऊब चुकी है, अब जनता आम आदमी पार्टी की बेहतर शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवा, मुफ्त बिजली, पानी और जनता के प्रति समर्पित कार्य से प्रभावित हो रही है।

#### चर्चा : हितग्राहियों को तीन माह का राशन सुरक्षित तरीके से दिया जाए

# बारिश के मौसम में स्कूल संचालन और योजनाओं की प्रगति पर दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- अब बायोमेट्रिक से होगा राशन वितरण, किसानों को समय पर खाद का वितरण सुनिश्चित करें
- जनभागीदारी से जल संचयन के कार्यों को प्राथमिकता दें, कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक लेकर जिले के विभिन्न विभागों की योजनाओं और निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं रविराज ठाकुर एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि बरसात के मौसम में स्कूली बच्चों को नदी-नाले पार कर स्कूल जाने की अनुमति न दी जाए। सभी सीईओ सुनिश्चित करें कि बच्चों के आवागमन के लिए सुरक्षित मार्ग उपलब्ध हो। कलेक्टर ने अति जर्जर भवनों में स्कूल या आंगनबाड़ी का संचालन नहीं करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भवन में माइनर रिपेयर की आवश्यकता है तो तत्काल बीईओ के माध्यम से मरम्मत के प्रस्ताव भेजे जाएं। जहां आंगनबाड़ी भवन उपलब्ध नहीं है या किराए के भवन में संचालित हो रही है, वहां के लिए नवीन भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव शीघ्र भेजने के निर्देश भी दिए गए। इस संबंध में सभी एसडीएम को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई। जिले में मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कार्य एजेंसियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए पंजीयन में और गति लाने के निर्देश दिए। अभियान अंतर्गत अब तक जिले में 18 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिसमें 1482 लाभार्थियों का विभिन्न सेवाओं के लिए पंजीयन किया गया है। यह शिविर 30 जून तक संचालित रहेंगे। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि लगाए गए सभी पेड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। ग्राम जोरातराई और धनसूली में बहुद्देशीय केंद्र के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश आदिवासी विकास विभाग को दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्य जुलाई तक पूर्ण कर लिया जाए। मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत डबरी निर्माण और जनभागीदारी से सोख्ता गड्ढा निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिले में लगभग 1300 बोर ऐसे हैं जो बंद हो चुके हैं या खराब हो गए हैं, इन बोरों में इंजेक्शन वाल के माध्यम से वाटर रिचार्ज की संभावनाओं का परीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में पीएम जनमन, प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। जिले में अवैध शराब बिक्री पर रोक के लिए लगातार छापेमारी के निर्देश दिए। राजस्व एवं खनिज विभाग को अवैध रेत उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन पर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का शीघ्र और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### बैठक में खाद-बीज वितरण की समीक्षा

कलेक्टर ने खाद-बीज वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक है। इसका समय पर वितरण सुनिश्चित किया जाए। निजी दुकानों में नियमित निरीक्षण करने के निर्देश एसडीएम को दिए गए। उन्होंने कहा कि वितरण के पश्चात पॉस मशीन में तत्काल एंट्री की जाए और डीएपी के विकल्प के रूप में सुपरफास्ट और यूरिया भी किसानों को उपलब्ध कराई जाए। कलेक्टर ने कहा कि हितग्राहियों को तीन माह का एकमुश्त राशन सुरक्षित तरीके से वितरित किया जाए। इसके लिए रोस्टर बनाया जाए और पटवारी तथा सचिवों की ड्यूटी लगाई जाए। खाद्य अधिकारी ने बताया कि राशन वितरण अब बायोमेट्रिक पद्धति से किया जाएगा। इससे वितरण में आसानी होगी। जिले के सभी 593 दुकानों में बायोमेट्रिक मशीनें स्थापित कर ली गई हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ई-केवाईसी अभियान 30 जून तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि मृत हितग्राहियों के नाम अनिवार्य रूप से राशन कार्ड से हटाए जाएं, यह अंतिम अवसर है।

### राष्ट्रीय महासचिव पायलट से मिले नपाध्यक्ष



**महासमुंद।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट से नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने रायपुर में सौजन्य मुलाकात कर उनका आत्मीय स्वागत किया। साहू ने प्रदेश प्रभारी पायलट को महासमुंद शहर के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा सांगठनिक गतिविधियों से अवगत कराया। जिस पर पायलट ने संगठन व शहर विकास को लेकर साहू को मार्गदर्शन प्रदान किये। साहू ने बताया कि राष्ट्रीय महासचिव के मार्गदर्शन से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

### नपाध्यक्ष के निर्देश पर तुमाडबरी एसएलआरएम सेंटर में सफाई मित्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश व सीएमओ अशोक सलामे के मार्ग दर्शन में स्वच्छता दीदियों व सफाई मित्रों के लिए आज स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन एसएलआरएम सेंटर तुमाडबरी में किया गया। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कार्यरत सभी सफाई मित्रों का स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर में उनके ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर सहित धड़कन और अन्य कई प्रकार की जांच की गई। जांच उपरांत उन्हें अवश्यक दवा का वितरण किया गया। उपस्थित चिकित्सक ने उन्हें स्वास्थ्य संबधित आवश्यक सलाह भी दिये। खान-पान से संबंधित परहेज के बारे में भी बताया गया है। इस मौके पर डॉ. जीएस दीवान, एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेंद्र भारद्वाज, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, रमा महानंद, लैब टेक्नीशियन प्रमिला राना, मनीषा साहू, फार्मासिस्ट पवन साहू व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## हायर सेकेंडरी स्कूल सोनासिल्ली में हर्षोल्लास से मनाया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



विकासखंड के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सोनासिल्ली में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। वहीं अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने की। कार्यक्रम में जनपद सदस्य पुरषोत्तम घृतलहरे, पुन्नी विष्णु साहू, सरपंच निर्मला जीतराम यादव, चोपलाल चौधरी एवं नोहर बांधे विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत व प्रवेश दिलाने के साथ हुई। नवप्रवेशी विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों के लिए यह पल अत्यंत उत्साहजनक रहा। मुख्य अतिथि उषा घृतलहरे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने कहा कि हमारी शिक्षा ही हमारे भविष्य की दिशा तय करती है और यही राष्ट्र की असली ताकत होती है। जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों के भविष्य की शुभेच्छा जताई।

## बिंद्रावन स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव, बांटे गणवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



बागबाहरा विखं के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन में प्रवेशोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि सरपंच गायत्री बाई ठाकुर रही। अध्यक्षता शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष भोगसिंह ठाकुर ने की। विशेष अतिथि नर्रा संकुल समन्वयक खगेश साहनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरपंच ने नवप्रवेशी बच्चों को मुंह मीठा, तिलक लगाकर व गणवेश देकर प्रवेश कराया। सरपंच गायत्री बाई ठाकुर ने कहा कि सभी बच्चों को शाला आने एवं मान लगाकर पढ़ाई करने और शिक्षकों के दिशानिर्देश पर सभी गतिविधि संपन्न करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शाला परिवार को नए सत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने हेतु प्रोत्साहित किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भोगसिंग ठाकुर ने भी बच्चों को शाला में नियमित उपस्थिति आदर्श जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय से ही सभी को संस्कार एवं राष्ट्रनिर्माण की नींव मिलती है। उन्होंने गत दो वर्षों से बिंद्रावन स्कूल से प्रयास विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों की जानकारी देकर नयी पीढ़ी के बच्चों को ऐसे ही प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के लिए मार्गदर्शन दिया। इस स्कूल में अध्यनरत लक्ष्मी का चयन प्रयास स्कूल में होने से अतिथियों ने हर्ष जताया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामप्रसाद साहू ने किया। इस दौरान भामा पांड़े, रूपसिंग पांड़े, सागरचंद पांड़े, संकुल समन्वयक खगेश्वर साहनी, शिक्षक गोविन्द सिंह चक्रधारी, वैशाली निगम, राम प्रसाद साहू, डगौरी बाई यादव, धनेश्वरी बांसकर, नीता ठाकुर आदि मौजूद रहे।

#### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया विचार स्मरण, संगठन को बताया शक्ति का स्रोत

# बतौर बलिदान दिवस मनाया पंडित मुखर्जी की पुण्यतिथि को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश आह्वान पर पिथौरा मंडल के कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, डॉ. मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यवक्ता के रूप में पधारे भाजपा के जिला मंत्री धरम साहू, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, महामंत्री जतीन ठक्कर, प्रीतराम सूर्य, सेतराम पटेल, नरेश सिंघल, रैदास गोयल, विक्की सलूजा, स्वप्निल तिवारी ने सर्वप्रथम भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

मुख्य वक्ता भाजपा जिला मंत्री धरम साहू ने डॉ. मुखर्जी के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्राणों की आहुति दी। उन्होंने धारा 370 के खिलाफ आवाज बुलंद की और बिना परमिट कश्मीर जाकर गिरफ्तारी दी, जहां 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हुई। भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कार्यकर्ताओं से एकजुटता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि संगठन में ही शक्ति है, और मजबूत संगठन से ही मजबूत बूथ की स्थापना संभव है। नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने एक देश, एक विधान के लिए बलिदान दिया, हम सब उनके आदर्शों को आत्मसात करें। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू तथा आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष राजेश चौधरी ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुधीर प्रधान पंचराम मटियारा प्रदेश कार्य समिति विशेष आमंत्रित सदस्य आलोक त्रिपाठी, पार्षद संदीप सेन पार्षद रामकुवंर सिन्हा, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष क्षमा गोयल, वर्षा सोनी, निर्मला पिंपलकर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, पिथौरा सोसायटी अध्यक्ष राज पटेल, पुष्पराज गजेंद्र, जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा दुलीकेश साहू, युवा मोर्चा महामंत्री मंडल दुर्गेश सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि सुमित अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल, रविंद्रर आजमानी, सुशील भाई, डॉ संजय गोयल, भागवत साहू, कुलदीप अग्रवाल, राजेश अग्रवाल जीतू, वरुण सिंह राजपूत, लक्ष्मीकांत सोनी, दीपक सिन्हा, सुकांत सोनी, राजा यादव, टिकेलाल यादव आदि मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-38, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411